समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# सनी कौशल का रैप डेब्यू “मिड एयर फ्रीवर्स” हुआ रिलीज – मस्ती और जोश से भरपूर गाना जीतेगा दिल।

Publisher
Published on 06 Jun 2025



## सनी कौशल का नया अंदाज — “मिड एयर फ्रीवर्स” से किया म्यूजिक डेब्यू।

**मुंबई :** बॉलीवुड एक्टर **सनी कौशल** ने अपने फैंस के लिए एक नया सरप्राइज पेश किया है। उन्होंने अपने पहले पंजाबी रैप सॉन्ग “**मिड एयर फ्रीवर्स**” के जरिए म्यूजिक इंडस्ट्री में धमाकेदार एंट्री की है। इस गाने को उन्होंने **मास अपील** म्यूजिक कंपनी के साथ मिलकर रिलीज़ किया है।
**गाना 6 जून 2025** को रिलीज़ हुआ और कुछ ही घंटों में सोशल मीडिया पर जबरदस्त ट्रेंड करने लगा है।

**सनी कौशल ने खुद लिखे गाने के बोल**
“**शिद्दत**“, “**हसीन दिलरुबा**” और “**मिली**” जैसी फिल्मों में अपनी एक्टिंग से दिल जीत चुके सनी कौशल ने इस गाने में नई भूमिका निभाई है।
“**मिड एयर फ्रीवर्स**” के बोल खुद सनी कौशल ने लिखे हैं और इस गाने को गाया भी उन्होंने खुद है। गाने का म्यूजिक **UpsideDown** और **ICONYK** ने तैयार किया है।

**पंजाबी स्टाइल और दमदार एनर्जी का कॉम्बिनेशन**
गाने में **पंजाबी फ्लेवर** और रैप की एनर्जी का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिल रहा है।
वीडियो में **सनी कौशल ब्लैक सूट, स्टाइलिश दाढ़ी** और **काले चश्मों** के साथ बेहद स्मार्ट लुक में नजर आ रहे हैं। उनका लुक गाने के जोशीले मूड के साथ पूरी तरह मेल खाता है।
**गाने की बीट्स, साउंड प्रोडक्शन** और **सनी की आवाज** को फैन्स से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है।

**सनी कौशल बोले – दिल से बनाया है यह गाना**
गाने की रिलीज के मौके पर सनी कौशल ने कहा:
"यह एक बहुत मजेदार गाना है। मैंने इसे दिल से बनाया है। इस गाने को बनाते समय बहुत मजा आया और उम्मीद करता हूं कि सुनने वालों को भी यह उतना ही पसंद आएगा।"

**मास अपील के हेड नवजोत सिंह ने क्या कहा ?**
मास अपील म्यूजिक के हेड नवजोत सिंह ने कहा:
"जब सनी के साथ इस गाने पर काम करने का मौका मिला, तो हमने तुरंत हामी भर दी। गाना शानदार था और सनी के म्यूजिक को लेकर पैशन ने हमें भरोसा दिलाया कि यह गाना सभी को बहुत पसंद आएगा।"

**फैसं ने टीज़र देखकर ही मचा दिया था धमाल**
१. इस गाने का **टीज़र सनी कौशल ने एक दिन पहले सोशल मीडिया पर शेयर किया** था।
२. **टीज़र ने ही फैसं मे जंबरदस्त एक्साइटमेटं पैदा कर दी थी। सनी का नया अवतार और गाने का स्टाइल लोगों को बेहद पसंद आ रहा है**।

अब रिलीज के बाद गाना "**मिड एयर फ्रीवर्स**" **यूट्यूब** और **म्यूजिक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स** पर **टॉप ट्रेंडिंग** में बना हुआ है। सनी कौशल के म्यूजिक करियर की यह नई शुरुआत यकीनन उनके फैंस के लिए एक बड़ा तोहफा है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.